राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन पटना - 800022

प्रेस विज्ञप्ति

राजभवन के राजेंद्र मंडप में चाणक्य नाटक 2 मई को मंचित होगा

पटना, 30 अप्रैल 2017

राजभवन परिसर स्थित राजेंद्र मण्डप में 2 मई की शाम 6:30 बजे से ऐतिहासिक हिंदी नाटक 'चाणक्य ' का मंचन किया जायेगा . राज्य के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के तत्वावधान में मुंबई की 'धर्मजम' सांस्कृतिक संस्था के द्वारा प्रस्तुत होने वाले इस नाटक के निर्देशक सुप्रसिद्ध अभिनेता मनोज जोशी हैं . नाट्य-निर्माता चारु जोशी हैं. संगीत असित देसाई तथा प्रकाश योजना आशुतोष आप्टे की होगी . मनोज जोशी के अलावा नाटक में अशोक वाठिया, धर्मेंद्र गोहिल , कविता राठौर , संजय भाटिया , राजन जोशी, सुनील शिंदे , दिनेश कानडे, धरमेज जोशी एवं चारु जोशी का अभिनय प्रमुख होगा .

इस नाट्य-प्रदर्शन को देखने के लिए राज्यपाल , मुख्यमंत्री , मंत्रीगण , न्यायाधीशगण, विधानसभाध्यक्ष , विधान परिषद् सभापति , नेता प्रतिपक्ष सहित कई गणमान्य लोगों तथा अतिथियों को आमंत्रित किया गया है.